Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 03 नवंबर, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-03-november-2020

वायु गुणवत्ता के लिये केंद्र सरकार का अनुदान

15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर केंद्र सरकार ने देश भर में 15 राज्यों के ऐसे शहरों की वायु गुणवत्ता में सुधार करने के लिये 2,200 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी कर दी है, जिनकी आबादी दस लाख से अधिक है। इस संबंध में घोषणा करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस अनुदान से लाभार्थी राज्यों को वायु गुणवत्ता से संबंधित आवश्यक उपाय करने में मदद मिलेगी, जिसमें उन राज्यों के स्थानीय निकायों की क्षमता का निर्माण करना भी शामिल है। राज्य सरकारों को केंद्र सरकार से मिलने वाली राशि प्राप्त करने के पश्चात् 10 दिनों के भीतर स्थानीय निकायों को बिना किसी कटौती के हस्तांतरण करना होगा। यदि राज्य सरकारें 10 कार्य दिवसों के भीतर राशि हस्तांतरित करने में विफल रहती हैं तो उन्हें स्थानीय निकायों को ब्याज भी चुकाना पड़ेगा। इस संबंध में 15 राज्यों के उन शहरों की सूची भी जारी की गई है, जिन्हें इस अनुदान का लाभ प्राप्त होगा, इसमें लखनऊ, विशाखापत्तनम और कोलकाता जैसे प्रमुख शहर शामिल हैं। इन शहरों के किसी एक स्थानीय निकाय को अनुदान प्राप्त करने के लिये नोडल इकाई घोषित किया जाएगा। इस अनुदान का उपयोग वायु गुणवत्ता की निगरानी में स्थानीय निकायों की सहायता हेतु राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये भी किया जाएगा।

शेन वॉटसन

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर और चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के सलामी बल्लेबाज शेन वॉटसन (Shane Watson) ने हाल ही में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की औपचारिक घोषणा कर दी है। शेन वॉटसन ने अपना पहला एकदिवसीय मैच वर्ष 2002 में दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध खेलते हुए अपने अंतर्राष्ट्रीय कॅरियर की शुरुआत की थी। ऑस्ट्रेलिया के लिये ऑलराउंडर के तौर पर खेलने वाले शेन वॉटसन ने वर्ष 2016 में ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। शेन वॉटसन, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 59 टेस्ट, 190 वनडे और 58 टी-20 मैच खेले हैं, वर्ष 2007 और वर्ष 2015 में दो बार ICC विश्व कप जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। शेन वॉटसन ने टेस्ट क्रिकेट में 3731 रन और एकदिवसीय क्रिकेट में 5757 रन बनाते हुए अपने दौर के प्रमुख ऑलराउंडर के तौर पर अपने कॅरियर की समाप्ति की।

टी. एन. कृष्णन

02 नवंबर, 2020 को विश्व प्रसिद्ध वायलिन वादक और पद्म पुरस्कार से सम्मानित टी. एन. कृष्णन का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। टी. एन. कृष्णन का जन्म 06 अक्तूबर, 1928 को केरल के एर्नाकुलम (Ernakulam) ज़िले में हुआ था। उन्होंने एक वायलिन वादक के रूप में अपने कॅरियर की शुरुआत काफी छोटी

उम्र में की और आगे कई पीढ़ियों के दिग्गज संगीतकारों के साथ कार्य किया। वर्ष वह 1942 में वे चेन्नई गए और तब से वे उसी शहर में रह रहे थे। विभिन्न संगीत कार्यक्रमों में प्रदर्शन करने के अलावा, टी. एन. कृष्णन ने चेन्नई म्यूज़िक कॉलेज में भी पढ़ाया है। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के संगीत एवं ललित कला स्कूल में डीन के तौर पर भी कार्य किया। टी. एन. कृष्णन को संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए संगीत कलानिधि, पद्मश्री और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

मिशन सागर–II

'मिशन सागर-II' के एक हिस्से के रूप में आईएनएस ऐरावत ने 02 नवंबर 2020 को पोर्ट सूडान (Port Sudan) में प्रवेश किया है। भारत सरकार प्राकृतिक आपदाओं और कोरोना वायरस महामारी से उबरने में मित्र देशों की सहायता करने हेतु 'मिशन सागर–II' का संचालन कर रही है। ज्ञात हो कि मिशन सागर-II, मई-जून 2020 में संपन्न किये गए 'मिशन सागर' का ही एक अगला चरण है। मई-जून 2020 में संचालित किये गए 'मिशन सागर' के तहत भारत ने मालदीव, मॉरीशस, सेशेल्स, मेडागास्कर और कोमोरोस को खाद्य सहायता और दवाइयाँ प्रदान की थीं। वहीं अब मिशन सागर-II के एक हिस्से के रूप में, आईएनएस ऐरावत सूडान, दक्षिण सूडान, जिबूती और इरिट्रिया को खाद्यान्न सहायता पहुँचाएगा। यह मिशन भारत द्वारा अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ संबंधों के महत्त्व को रेखांकित करता है और मौजूदा संबंधों को और अधिक मज़बूत करता है।